चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल (जू.विंग)　　कक्षा-४　　विषय- हिंदी

प्रथम इकाई परीक्षा　　(अभ्यास कार्य पत्रिका)　　सत्र-२०२६-२७

प्रश्न १.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर ढूँढ़कर लिखिए-

कंप्यूटर का उपयोग

कंप्यूटर आज के समय का एक महत्वपूर्ण यंत्र है। इसका उपयोग लगभग हर क्षेत्र में किया जाता है। पहले के समय में काम हाथ से किए जाते थे, लेकिन अब कंप्यूटर के आने से काम आसान और तेज़ हो गया है।
कंप्यूटर का उपयोग शिक्षा, बैंक, अस्पताल, रेलवे और कार्यालयों में होता है। स्कूलों में बच्चे कंप्यूटर के माध्यम से नई-नई चीज़ें सीखते हैं। इंटरनेट के जरिए वे दुनिया भर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैंक में कंप्यूटर से पैसे का हिसाब रखा जाता है।
कंप्यूटर के कई भाग होते हैं जैसे मॉनिटर, कीबोर्ड, माउस और सीपीयू। यह सभी मिलकर काम करते हैं। कंप्यूटर से हम चित्र बना सकते हैं, खेल खेल सकते हैं और पढ़ाई भी कर सकते हैं।

हालांकि, कंप्यूटर का अधिक उपयोग नुकसानदायक भी हो सकता है। ज़्यादा देर तक स्क्रीन देखने से आँखों पर असर पड़ता है। इसलिए हमें कंप्यूटर का उपयोग सीमित समय के लिए करना चाहिए।

प्रश्न: सही विकल्प चुनकर सही(✓) का निशान लगाइए-
प्रश्न १. कंप्यूटर क्या है?
क)खिलौना( )　(ख) यंत्र ( )　(ग) किताब ( )
प्रश्न २. कंप्यूटर किस गति से काम करता है?
क)तेज़ ( )　(ख) धीरे-धीरे( )　(ग) सामान्य( )
प्रश्न ३. कंप्यूटर का उपयोग कहाँ-कहाँ होता है?
प्रश्न ४. कंप्यूटर के किन्हीं दो भाग के नाम लिखिए-
प्रश्न ५. गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए-
क. दिन: दिवस::　　:विश्व
ख. जल्दी का विलोम -

<u>खंड: ख-व्याकरण</u>

प्रश्न १.सही विकल्प चुनकर सही (✓) का निशान लगाएँ-

१. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा का कौशल नहीं है-

क) बोलना ( ) ख) देखना ( ) ग) सुनना ( )

२. निश्चित क्रम में लिखे गए वर्णों को _________कहते हैं?

क) वर्ण ( ) ख) वर्णमाला ( ) ग) स्वर ( )

३. आगत वर्ण को__________ कहते हैं?

क) विदेशी वर्ण ( ) ख) देशी वर्ण ( ) ग) अयोगवाह ( )

४. भाषा के लिखने का ढंग_________ कहलाता है?

क) व्याकरण ( ) ख)लिपि ( ) ग) बोली ( )

प्रश्न २. निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद करें-

विद्यालय-

परीक्षा -

त्रिपुरा -

परिश्रम-

विज्ञान-

प्रश्न ३.कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरें -

क) पंडित का स्त्रीलिंग रूप____________ है।(पंडिताइन, श्रीमती)

ख)ईश्वर का पर्यायवाची_________है। (नागदेव, भगवान)

प्रश्न ४. दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए-

क) सेठ- ख)छात्र- ग)राजा- घ)बेटा-

प्रश्न ५. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए-

क) किताब- ख)माला- ग)लड़की - घ)कुर्सी -

प्रश्न ६. संयुक्त व्यंजन कितने हैं, उदाहरण दीजिए।

उत्तर -

प्रश्न ७. दिए गए शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

क)आग- ख)उपवन- ग) इच्छा- घ) अध्यापक-

<u>खंड:ग- रचनात्मक लेखन</u>

प्रश्न ८. आपके सिर में दर्द होने के कारण, दो दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना-पत्र लिखिए-

प्रश्न ९. दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए -

खंड: घ - साहित्य

प्रश्न १०.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

वाह! "दुनिया तो कितनी मज़ेदार है",घोंघे ने कहा । वह उस सूखी- भूरी पत्ती के नीचे से बाहर निकल गया ।

प्रश्न १.घोंघे को दुनिया कैसी लगी?

प्रश्न २.गद्यांश में 'वह' शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है ?

प्रश्न ११. निम्नलिखित वाक्य किसने कहा, किससे कहा?

क) "वहाँ कभी मत जाना। वह दुनिया हमारी दुनिया से बहुत अलग है।"

उत्तर -

प्रश्न १२. 'बगीचे का घोंघा' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है?

उत्तर -

या

प्रश्न- "बगीचे का घोंघा" पाठ के आधार पर घोंघे की विशेषताएँ लिखिए-

उत्तर -